Model question for 1st Sem . B A . HONOURS Examination

Subject : Hindi(Honours)

Course Name: Hindi Sahitya Ka Itihas (Ritikal Tak)

Course Code: BAHHINC101

Time- 2hrs Full Marks: 40

1. किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1x5

क. आचार्य शुक्ल ने आदिकाल का समय कब से कब तक माना है ?

ख. दलपति विजय द्वारा रचित पुस्तक का नाम लिखिए ?

ग. रीति काल को 'अलंकृत - काल' नाम किसने दिया ?

घ. नाथ संप्रदाय का दूसरा नाम लिखिए ।

ङ. 'चारण काल' नाम किसने दिया?

च. विजय सेन सूरि की पुस्तक का नाम लिखिए ।

छ. 'सिद्धान्त- पंचमात्रा' किसकी रचना है?

ज. अष्टछाप की स्थापना किसने की ?

2. किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2x5

क. संप्रदाय निरपेक्ष दो भक्त कवियों के नाम लिखिए ।

ख. आदिकालीन दो लौकिक काव्यों के नाम लिखिए ।

ग. रीतिकाल में वीर रसात्मक काव्य की रचना करने वाले दो कवियों के नाम लिखिए।

घ. 'हिन्दी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास' किसकी रचना है? इसका प्रकाशन - वर्ष लिखिए ।

ङ. 'वीर सिंह देव चरित ' तथा 'दोहकोष' किसकी रचनाएँ हैं?

च. दो सूफी काव्यों के नाम लिखिए ।

छ. 'सुजान चरित' तथा 'ब्रज विलास' के रचयिता का नाम लिखिए ।

ज. दो संत कवियों के नाम लिखिए ।

3. किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5x3

क. आदिकाल की सामाजिक तथा सांस्कृतिक परिस्थिति को स्पष्ट कीजिए ।

ख. रीति काल के नामकरण पर विचार कीजिए ।

ग. नाथ साहित्य पर टिप्पणी लिखिए ।

घ. आचार्य शुक्ल ने आदिकाल का नामकरण किस आधार पर किया ?

ङ. तुलसीदास का परिचय दीजिए ।

4. किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए : 10x1

क. हिन्दी साहित्य के काल -विभाजन तथा नामकरण पर विचार कीजिए ।

ख. कृष्ण भक्ति शाखा की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए ।

ग. रीति काल की प्रमुख प्रवृतियों को लिखिए ।